# Physics Lesson - 2

(1) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए

(a) बल लगाने पर कुछ वस्तुओ ........ परिवर्तित हो जाते हैं।

(b) बल एक ऐसी क्रिया है जो वस्तुओ के गति की ........ में परिवर्तन लाती है।

(c) किसी वस्तु के ..... परिमाण एवं ...... बदलने हेतु बल की आवश्यकता होती है।

(d) वस्तुओं की स्थिरावस्था को बदलने के लिए ....... लगाना होता है।

(e) न्यूटन के प्रथम गति नियम ....... भी कहते है।

(f) किसी वस्तु का संवेग उसके द्रव्यमान और ..... के गुणनफल से परिभाषित किया जाता है।

(g) संवेग में परिमाण और ..... दोनो होते हैं।

(h) संवेग का S.I. मात्रक ..... होता है।

(i) बल का मात्रक ..... है जिसे ..... भी कहते है।

(j) बल (F) = m (द्रव्यमान) x .......

# Physic lesson-2

1.) निम्न में से किसका जड़त्व अधिक है

(a) एक रबर की गेंद एवं उसी आकार का पत्थर

(b) एक ठेला गाड़ी एवं एक रेलगाड़ी

(c) एक रुपये का सिक्का एवं दस रुपये का एक सिक्का

2.) जब कोई गतिशील बस अचानक रुकती है तो उसमें बैठे रहने पर आप आगे की ओर झुक जाते है और वही बस विरामावस्था से गतिशील होती है तो आप पीछे की ओर हो जाते है, क्यों ?

3.) क्रिकेट के खेल में कैच लपकने के लिए क्षेत्ररक्षक गेंद के साथ अपने हाथों को पीछे की ओर खींचता है, क्यों ?

4.) न्यूटन का तीनो नियमो को परिभाषित कीजिए

5.) संवेग संरक्षण का सिद्धांत किसे कहते है।

6.) बल क्या है ?

## ? पाठान्त प्रश्न

1. किसी पेड़ की शाखा को तीव्रता से हिलाने पर कुछ पत्तियाँ झड़ जाती हैं, क्यों?
2. एक अग्निशमन कर्मचारी को तीव्र से बहुतायत मात्रा में पानी फेंकने वाली रबड़ की नली को पकड़ने में कठिनाई क्यों होती हैं? स्पष्ट कीजिए।
3. यदि क्रिया सदैव प्रतिक्रिया के बराबर है तो स्पष्ट कीजिए कि घोड़ा गाड़ी को कैसे खींच पाता है?
4. जब किसी लम्बी तथा मोटी छड़ी से एक दरी को पीटा जाता है, तो धूल के कण बाहर आ जाते हैं, क्यों?
5. बस की छत पर रखे सामान को रस्सी से क्यों बाँधा जाता है?
6. सही विकल्प का चुनाव कीजिए

   (i) किसी $m$ द्रव्यमान की वस्तु जिसका वेग $v$ है का संवेग क्या होगा?

   (a) $m/v$ (b) $v/m$

   (c) $\frac{1}{mv}$ (d) $mv$